आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 12.01.2026 **समय : 02.10pm**

द्विपक्षीय वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ़्रिड्रिख़ मर्त्ज़ के बीच आज गांधीनगर के महात्मा मंदिर कनवेंशन सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता हुई। चांसलर फ़्रिड्रिख़ मर्त्ज़ के साथ संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उनकी भारत और एशिया की पहली यात्रा है, जो भारत के साथ संबंधों के महत्व को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और जर्मनी ने रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष और राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ता व्यापार और निवेश सहयोग को नई गति दे रहा है। इस अवसर पर दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान भी हुआ।

प्रधानमंत्री यंग लीडर्स

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। आज ही स्वामी विवेकानंद जी की जयंती भी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलांग 2026 के समापन सत्र में शामिल होंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के युवा प्रतिनिधियों सहित देश विदेश के करीब तीन हजार युवाओं से बातचीत करेंगे। चुने गए प्रतिभागी प्रधान मंत्री के सामने दस थीमेटिक ट्रैकों में अपनी अंतिम प्रस्तुतियाँ देंगे, राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के दृष्टिकोण और क्रियान्वयन योग्य विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधान मंत्री विकसित भारत युवा नेताओं संवाद 2026 के लिए निबंध संग्रह जारी करेंगे, जिसमें भारत की विकासात्मक प्राथमिकताओं और दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण लक्ष्यों पर युवा प्रतिभागियों द्वारा लिखे गए चयनित निबंध शामिल होंगे।

युवा दिवस

वही स्वामी विवेकानंद जी की जयंती प्रदेश में युवा उत्सव के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेशभर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं से योग अपनाने, किताबें पढ़ने और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग हमारी सनातन परंपरा का हिस्सा है और यह जीवन को बेहतर बनाने का मार्ग दिखाता है।

गुना में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना रहा। वही मैहर के सरस्वती स्कूल परिसर में सूर्य नमस्कार अभियान एवं योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नगरवासियों ने सहभागिता की। पन्ना जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

संकल्प से समाधान

विकसित मध्य प्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में आज से 31 मार्च 2026 तक "संकल्प से समाधान" अभियान चलाया जा रहा है। आज स्वामी विवेकानंद की जयंती "युवा दिवस" पर शुरू हो रहा यह अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए चार चरणों में चलाया जाएगा।

समाचार संक्षेप में –

- **शिवपुरी जिले में** कृषि विकास विभाग के द्वारा कल साप्ताहिक प्राकृतिक हाट बाजार का आयोजन जिला की पुरानी अनाज मंडी में किया गया।
- कृषक कल्याण वर्ष का शुभारंभ आगरमालवा जिले में कल कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित हुए कार्यक्रम में हुआ ।
- नर्मदापुरम में नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में कल मां नर्मदा को 600 मीटर लम्बी चुनरी अर्पित की गई। पर्यावरण संरक्षण और मां नर्मदा को स्वच्छ रखने का संकल्प लेकर यह चुनरी ओढ़ाई।

....